व्हाट नाउ ने शुरू किया यूथ एंबेसडर प्रोग्राम

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. हाल ही में राजस्थान में साइबर उत्पीड़न और ऑनलाइन बुलींग के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस को देखते हुए व्हाट नाउ अब राजस्थान में अपना प्रमुख यूथ एम्बेसडर प्रोग्राम शीघ्र शुरू करने जा रहा है, जिसमें कॉलेज के छात्रों को डिजिटल फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। संस्थापक नीति गोयल ने कहा कि कॉल थम ही नहीं रहे हैं। यह बताता है कि जमीनी स्तर पर इसकी जरूरत कितनी अधिक है। सह- संस्थापक और कानूनी रणनीतिकार अक्षत खेतान ने कहा कि हम एक ऐसा ढांचा बना रहे हैं, जहाँ पीड़ित अकेले न रहें और उनका साथ देने के लिए प्रशिक्षित युवा साथियों का नेटवर्क हो। आनेका गोयल, जो व्हाट नाउ की ग्लोबल यूथ एम्बेसडर हैं, राजस्थान की इस पहल का नेतृत्व करेंगी, जबकि अव्यय गोयल छात्रों के बीच जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी को आगे बढ़ाएँगे।